# बीकानेर को हेरिटेज सिटी के रूप में विकसित करने की अपार संभावनाएं : वृष्णि


बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने आला अधिकारियों के साथ देखी बगीची व तलाईयां, हेरिटेज क्षेत्र का पैदल भ्रमण किया।

- कलेक्टर ने आला अधिकारियों के साथ किया तालाबों व ऐतिहासिक बगीचियों का अवलोकन किया
- लक्ष्मीनाथ मंदिर से रामपुरिया हवेलियों तक पैदल वॉक करते हुए हवेलियों के संरक्षण सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर शहर को हेरिटेज सिटी के रूप में विकसित करने की संभावनाओं के मद्देनजर जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने शुक्रवार को जिले के आला अधिकारियों के साथ शहर की ऐतिहासिक बगीचियों और तालाबों का अवलोकन किया। लक्ष्मीनाथ मंदिर से रामपुरिया हवेलियों तक पैदल वॉक करते हुए हवेलियों के संरक्षण सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की।

होटल भंवर निवास में आयोजित बैठक में अहमदाबाद के हेरिटेज विशेषज्ञ देवाशीष नायक ने अहमदाबाद को हेरिटेज सिटी बनाने के लिए किए गए प्रयासों का प्रस्तुतीकरण दिया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि बीकानेर को हेरिटेज सिटी के रूप में विकसित करने की अपार संभावनाएं हैं। यहां की हवेलियां तथा यहां की जीवन शैली पूरे देश में अलहदा है।

सतत और सामूहिक प्रयासों से इसे हेरिटेज सिटी के रूप विकसित करने का प्रयास किया जायेगा। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पहली बार शहरी परकोटे में प्रातः 8 बजे से लेकर दोपहर 1:30 बजे शहर को हेरिटेज सिटी बनाने की संभावनाओं पर मंथन चला।

जिला कलेक्टर ने फूलनाथ बगीची, संसोलाब, हर्षोलाब तथा महानंद तालाब का अवलोकन किया। इन तालाबों के आगोर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त रखने तथा सुनियोजित तरीके से पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

इसके बाद जिला कलेक्टर ने भांडाशाह जैन मंदिर के दर्शन किए तथा इसके ऐतिहासिक परिपेक्ष्य के बारे में जाना। इस दौरान हेरिटेज विशेषज्ञ देवाशीष नायक और लोकायन संस्थान के गोपाल सिंह चौहान साथ रहे। जिला कलेक्टर ने यहां से रामपुरिया हवेलियां तक पैदल वॉक किया। उन्होंने चूड़ी बाजार में चूड़ी बनाने, चाय पट्टी में नमकीन उत्पादों के निर्माण के बारे में जाना। बड़ा बाजार में सूखी सब्जियां विक्रय तथा इनके औषधीय गुणों की जानकारी ली। सब्जी बाजार और सुपारी बाजार का अवलोकन किया। वहीं बीकानेर की प्रसिद्ध रबड़ी बनाने की प्रक्रिया जानी। उन्होंने हेरिटेज रूट में रंगरेज और पिंजारा जाति के लोगों द्वारा किए जा रहे पारंपरिक कार्य और कोटा डोरिया साडि़यों के विक्रय की जानकारी ली। वहीं शहर की पाटा कल्चर के बारे में जाना।

हेरिटेज रूट में बीकानेर शहर की हवेलियां तथा उनकी बारीक नक्काशी देखकर इन्हें नायाब बताया। जिला कलेक्टर ने मोहता चौक स्थित राजू मोहता की हवेली का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि हवेलियों के संरक्षण के लिए संकल्प के साथ कार्य किया जायेगा। इसके लिए नगर निगम में हेरिटेज सेल की स्थापना की संभावनाओं पर चर्चा हुई। साथ ही आगामी दिनों में इससे जुड़े गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने हेरिटेज रूट के संरक्षण के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे जुड़े विभाग योजना बनाकर उपलब्ध करवाएं तथा इस रूट का नियमित निरीक्षण करें।

उन्होंने इस रूट को साफ सुथरा बनाए रखने, बिजली के तारों को व्यवस्थित करने, सड़कों की मरम्मत एवं रखरखाव, हवेलियों के संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

होटल भंवर निवास में आयोजित बैठक के दौरान हेरिटेज विशेषज्ञ देवाशीष नायक ने अहमदाबाद को हेरिटेज सिटी बनाने के लिए किए गए प्रयासों, विभागों और जन भागीदारी, कार्य योजना तथा संभावनाओं के बारे में प्रस्तुतीकरण किया।

इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल, अतिरिक्त कलेक्टर नगर उम्मेद सिंह रतनू सहित नगर निगम, नगर विकास न्यास, सार्वजनिक निर्माण, पेयजल, पुरातत्व, पर्यटन और अभिलेखागर सहित बीकेईसीएल के अधिकारी, हेरिटेज संरक्षण से जुड़े डॉ. रितेश व्यास, गिरिराज पुरोहित, विकास शर्मा, निकिता तिवारी आदि मौजूद थे।

## आज से हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत

**बीकानेर,** (कासं)। आज से हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत पूरे देश में शुरू होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दौरान देशवासियों से अपने घरों दफ्तर पर तिरंगा फहराने और सोशल मीडिया एकाउंट की डीपी में अपनी फोटो के साथ तिरंगे को भी फोटो लगाने की अपील की है। इस अभियान की शुरूआत खुद पीएम मोदी अपनी डीपी पर तिरंगा लगाकर की है। यह अभियान 15 अगस्त तक चलेगा। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने बताया आजादी के अमृत महोत्सव के साथ ही 2022 में शुरू किये गए इस अभियान में 2022 में कुल छह करोड़ लोगों ने तिरंगे के साथ अपनी फोटो साझा की थी। जबकि 2023 में दस करोड़ लोगों ने अपनी फोटो तिरंगे के साथ साझा की थी। इस साल यह संख्या और भी बढ़ेगी इस अभियान के तहत हर घर तिरंगा फहराने के साथ ही तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़, तिरंगा कैनवास व तिरंगा गोष्ठी जैसे आयोजन भी किए जायेंगे।

शहर जिला महामंत्री श्यामसुंदर चौधरी ने बताया कि इस अभियान को लेकर जिले व मंडल स्तर पर संयोजक बनाएं गए है। बीकानेर शहर से मोहन सुराणा को जिला संयोजक व विजय उपाध्याय को सह संयोजक नियुक्त किया है। गोपेश्वर मंडल प्रेम गहलोत, पुराना शहर मंडल अनिल हर्ष, नयाशहर मंडल सुरेश मारू, जस्सूसर मंडल बलदेव स्वामी, मुक्ताप्रसाद मंडल मनीष श्रीमाली, गंगाशहर मंडल मूलचंद दैय्या, रानी बाजार मंडल धर्मेन्द्र सिंह, शिवबाड़ी मंडल संजय गुप्ता, जूनागढ़ मंडल विकास पंवार, लालगढ़ मंडल फारुख चौहान को नियुक्त किया है।

## सार-समाचार

### भारत छोड़ो दिवस पर प्रदर्शन



अंग्रेजों भारत छोड़ो आन्दोलन दिवस पर जनवादी महिला समिति ने कोटगेट पर प्रदर्शन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति राज्य महासचिव डॉक्टर सीमा जैन ने बताया कि अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन दिवस पर एडवा के राष्ट्रीय आव्हान के तहत बीकानेर जिला कमेटी द्वारा शहर के हृदय स्थल कोटगेट पर प्रदर्शन कर महिला हिंसा भारत छोड़ो, बेरोजगारी भारत छोड़ो, महंगाई भारत छोड़ो, भूखमरी भारत छोड़ो, मनुवादी सोच भारत छोड़ो के नारों के साथ प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राज्य महासचिव ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के कारण अंग्रेज तो भारत छोड़कर चले गए। लेकिन उनकी नीतियां आज भी सत्ता वर्ग के लोग चलाए जा रहे हैं। ऐसे में हम महिला असमानता के खिलाफ और समानता के पक्ष में नीति निर्माण की मांग करते हैं। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शारदा सियाग ने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई, महिला हिंसा, भूखमरी तथा बेरोजगारी और मनुवादी सोच खतरनाक है। रजिया और फरजाना ने कहा कि भूखमरी सूचकांक में भारत उच्च पायदान पर है। फिर भी सरकार खाद्य सुरक्षा प्रणाली को दिनों दिन कमजोर करने पर तुली है। प्रदर्शन में मोनिका प्रजापत, सुगरा बानो, रामजानी, शांति, बिन्दु देवी, रशीदा, रहमत, संतोष, अमरीन निशा ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया।

### श्रावक-श्राविकाओं ने लिए संकल्प


रांगडी चौक पौषधशाला में मुनि पुष्पेन्द्र विजय ने उपकरण वंदनावली कार्यक्रम में प्रवचन दिए।

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर तपागच्छ के मुनि पुष्पेन्द्र विजय व मुनि श्रुतानंद विजय के सानिध्य में तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ जन्म कल्याणक पर रांगड़ी चौक के तपागच्छीय पौषधशाला में उपकरण वंदनावली का संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अनेक श्रावक-श्राविकाओं ने अनेक नियम व संकल्प लिए। मुनि व साध्वीवृंद की ओर से उपयोग में लिए जाने वाले उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई। शनिवार को सुबह नौ से दस बजे तक भगवान नेमिनाथ के अहिंसा व संयम के भाव जागृत होने से विवाह नहीं कर पाने वाली राजूल के विलाप का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। प्रदर्शनी में रजोहरण, मुहपत्ति, पात्रा, डंडा-डंडासन, मुनिवेश, माला, पुस्तक आदि उपकरण को प्रदर्शित किया गया। मुनि पुष्पेन्द्र विजय ने बताया कि मुनि व साध्वी के उपकरण संयम मय जीवन जीने की प्रेरणा देते है। मुनि श्रुतानंद विजय ने कहा कि यह उपकरण मुनि व साध्वीवृंद के उपकरण प्राप्त करने के बाद साधक को सत्य, अहिंसा, अचौर्य, अपरिग्रह व ब्रह्मचर्य का आजीवन पालन करते हुए संयम मय जीवन जीना पड़ता है। इस अवसर पर अनेक श्रावक श्राविकाओं ने नियमित सामयिक करने, जिनालयों में दर्शन वंदन करने, ब्रह्मचर्य का पालन करने, कोल्ड ड्रिक्स नहीं पीने, नियमित स्वाध्याय करने, मुनि व साध्वीवृंद के वस्त्रों का वंदन करने का नियम व संकल्प लिया।

## छोटे भाई का कातिल निकला बड़ा भाई, तीसरे दिन खुलासा

- बार्डर से सटे दौलतपुरा गांव के पास युवक को गोली मारने का पर्दाफाश

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। भारत-पाक सीमा से सटे दौलतपुरा गांव के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या के मामले में भाई ही कातिल निकला। पुलिस ने हत्या के तीसरे दिन इस प्रकरण का खुलासा किया है।

एसपी गौरव यादव ने बताया कि दौलतपुरा निवासी 23 वर्षीय प्रदीप तरड़ पुत्र रणजीत कुमार की 4 व 5 अगस्त की रात करीब एक-डेढ़ बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मटीलीराठान पुलिस ने प्रदीप के बड़े भाई दौलतपुरा निवासी मुकेश उर्फ मंगेज की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ हत्या करने का मामला दर्ज किया। एसपी ने बताया कि परिवार में प्रदीप और मुकेश दो ही भाई हैं। बड़ा भाई मुकेश पूरा घर चलाता है। जबकि प्रदीप लोगों से उधार लेकर नहीं चुकाता तो बड़े भाई को यह हिसाब करना पड़ता था।

रोज रोज के ओलमे से मुकेश उर्फ मंगेज तंग आ गया। उसने मोहनपुरा गांव निवासी आकाशदीप पुत्र दर्शनसिंह से संपर्क किया। उसे हत्या करने के लिए राजी कर लिया। पहले प्रदीप को घर से बुलाया फिर खेत के पास गोली मारकर हत्या कर दी। जांच अधिकारी मटीलीराठान थाना प्रभारी सुभाष बिश्नोई ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। प्रदीप और उसके भाई मुकेश उर्फ मंगेज दोनों की सगाई कुछ समय पहले एक ही परिवार में हुई थी। मुकेश यह नहीं चाहता था कि प्रदीप की हरकतों को लेकर उसके परिवार की बदनामी हो। उसने कई बार समझाइश भी की लेकिन प्रदीप पर असर नहीं हुआ। एसपी ने बताया कि रुपयों के लेनदेन के अलावा कुछ हरकतों पर प्रदीप की बातों को सार्वजनिक नहीं करना चाहता था लेकिन वह नहीं माना। इसी से तंग आकर उसने ठिकाने लगाने की ठान ली।

पुलिस ने मुखबिरों की सूचना पर मोहनपुरा गांव के आकाशदीप की भूमिका पर शक जताया। ग्रामीणों के माध्यम से हत्या में बीएसएफ की भूमिका की अफवाह भी उड़ाई गई। पोस्टमार्टम के बाद रिपोर्ट में देसी पिस्तौल के छर्रे मिलने की बात सामने आई तो पुलिस को यह संकेत मिला कि आकाशदीप की मृतक के घर आवाजाही पर पुलिस का शक और पुख्ता हो गया। पुलिस ने इस आकाशदीप से कड़ी पूछताछ की तो उसने सारे राज खोल दिए।

## अवैध कैफे सीज, 20 वाहन जब्त

**बीकानेर,** (कासं)। शहर में अवैध रूप से चल रहे कैफे व ढाबों पर पुलिस ने दबिश दी। पुलिस को इन पर कई तरह की अनियमितता मिली। संदिग्ध वाहन भी खड़े मिले, जिन्हें जब्त कर लिया।

सीओ सदर रमेश के नेतृत्व में जेएनवीसी, सदर व बीछवाल थानाधिकारी, क्यूआरटी और 70 जवानों के दल ने एक ही समय पर 30 से ज्यादा जगह छापे मारे। सर्च ऑपरेशन के दौरान होटल-ढाबे और दस कैफे के निरीक्षण से खलबली मच गई। इन पर कुछ संदिग्ध सामान और बिना नंबर प्लेट लगे वाहन भी खड़े मिले। पुलिस ने वाहनों की जांच कर 20 को जब्त कर लिया। सर्च ऑपरेशन के दौरान दो कैफे बिना अनुमति के संचालित होते मिले। इन्हें भी सीज कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि होटल, ढाबों व कैफे की शिकायतें मिल रही थी।

## रास्ता पूछ बाइक पर बैठाया, 19 हजार निकाले

- पेंट की जेब काट कर 19 हजार रूपए निकाल फरार हो गए

**नोखा,** (कासं)। शातिर चोर-उचक्के लूटपाट व ठगी करने की वारदात को अंजाम देने के लिए नित नए हथकंडे अपना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला नोखा में सामने आया है।

बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने बाइक रोककर एक ग्रामीण से गांव जाने का रास्ता पूछा और उसे गांव तक छोड़ने की बात कहकर बाइक पर बैठा लिया। बाद में उसकी पेंट की जेब काट कर 19 हजार रूपए निकाल कर फरार हो गए। बदमाशों ने उसे पैसे निकालने का आभास तक नहीं होने दिया। थोड़ी देर बाद जब उसने जेब में हाथ डाला तो कटी जेब देखकर अवाक रह गया। पीड़ित व्यक्ति इसकी रिपोर्ट देने थाने पहुंचा।

कक्कू निवासी गणेशाराम ने बताया कि वह जेब में 20 हजार रूपए डालकर सामान की खरीदारी करने नोखा आया था। उसने एक हजार रूपए तो खर्च कर दिए थे। शेष 19 हजार रुपए उसकी जेब में थे। जब वह वापस गांव कक्कू जाने के लिए कटला चौक में बस का इंतजार कर रहा था। तभी बाइक पर दो युवक सवार होकर आये। इसमें एक ने हेलमेट लगा रखा था। दोनों बदमाशों ने बाइक रोककर उससे कक्कू जाने का रास्ता पूछा। बाद में उसे कक्कू तक छोड़ने की बात कहकर बाइक पर बैठा लिया।

थोड़ी देर बाद रोड़ा गांव के पास पहुंचे तो बाइक रोककर कहा कि वे फाइनेंस का काम करते हैं। किसी व्यक्ति की फाइनेंस की 10 किश्तें बाकी हो गई है, उससे पैसे लेने कक्कू जा रहे थे, उसके कागज ऑफिस में भूल आए है। हम कागज लेकर वापस आते हैं, तब तक आप हमारा यहीं इंतजार करो।

## कोटगेट से दाउजी रोड तक तिरंगा फहरायेंगे

- आजादी के अमृत महोत्सव पर 13 अगस्त को सायं 5 बजे होगा ये कार्यक्रम

**बीकानेर,** (कासं)। स्वाधीनता दिवस को यादगार बनाने और युवा पीढ़ी में राष्ट्र भक्ति की भावना प्रेरित करने के उद्देश्य से भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से एक किमी तिरंगा फहराने की कड़ी में इस दफा कोटगेट से दाउजी रोड़ तक यह आयोजन किया जायेगा।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची के निर्देशानुसार व युवा मोर्चा बीकानेर शहर जिला अध्यक्ष वेद व्यास की अनुशंषा पर आजादी के 78 वे स्वतंत्र दिवस व आजादी के अमृत महोत्सव पर 13 अगस्त को सायं 5 बजे को कोटगेट से दाऊजी रोड पर 1 किमी. तिरंगा फहराएगा और सामूहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहा है। व्यास ने बताया कि पिछले दो वर्षों से युवा मोर्चा की ओर से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिये संयोजकों की नियुक्ति की गई है।

बीकानेर शहर से गजेंद्र सिंह भाटी को संयोजक व हर्ष पारीक, बाबूलाल सिंवर को सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं, बीकानेर पूर्व विधानसभा का संयोजक भव्यदत्त भाटी को और पश्चिम विधनसभा का संयोजक ऋषि पारीक को नियुक्त किया गया है।

## स्वींमिग पूल में डूबने से युवक की मौत

**बीकानेर,** (कासं)। एसपी मेडिकल कॉलेज में बने स्वींमिग पूल में डूबने से एक युवक की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जयनारायण व्यास कॉलोनी निवासी कार्तिक मेडिकल कॉलेज के बने स्वींमिंग पूल में नहा रहा था कि और अचानक डूबने लगा। पास में तैर रहे लोगों ने युवक को बाहर निकालकर ट्रोमा सेन्टर लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों के काफी प्रयासों के बाद भी बचाया नहीं जा सका।

घटना की जानकारी मिलने के बाद एसपी मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ गुंजन सोनी, परिजनों सहिते बड़ी संख्या में लोग ट्रोमा सेंटर पहुंचे। कार्तिक आईआईटी इंजीनियर था। जो छुट्टियों में अपने घर आया हुआ था।

## एक नाबालिग युवती सहित तीन जनों ने की आत्महत्या

- एक कोतवाली थाना क्षेत्र में 22 साल के युवक व कोटगेट थाना इलाके में 14 साल के बच्चे ने फांसी लगाई

**बीकानेर,** (कासं)। शहर के दो अलग अलग थाना इलाकों में दो नाबालिग युवती सहित तीन जनों ने आत्महत्या कर अपनी जान दी।

जानकारी के अनुसार जेएनवीसी थाना इलाके में एक युवती ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। थाने के हैड कानि रोहिताश भारी के अनुसार डिफेंस कॉलोनी में रहने वाली रामपुर कथौर यूपी के राम आसरे यादव की नाबालिग बेटी ने अपने घर में पंखे के हुक में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतारकर पीबीएम ले गई।

जहां पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। हालांकि आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। उधर कोतवाली थाना इलाके में 22 वर्षीय एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है।

थानाधिकारी परमेश्वर सुथार के अनुसार मृतक छबीली घाटी निवासी संजय खत्री था। जिसने रात को अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। फिलहाल शव को मोर्चरी में रखवाया। जहां सुबह पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया और कारणों का पता लगाया जा रहा है।

वहीं कोटगेट थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय बच्चे ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। थाने के एएसआई कुलदीप यादव ने बताया कि बान्द्रा बास निवासी राकेश वाल्मीकि के बेटे ने अपने घर में फांसी लगा ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को दे दिया है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला।

Aavas
SAPNE AAPKE SAATH HAMAARA
आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड
(सीआईएन: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालयः 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्कायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020, राजस्थान, भारत | फोन: +91 141 661 8800
फैक्स: +91 141 661 8861 | ईमेल: info@aavas.in | वेबसाइट: www.aavas.in
सार्वजनिक सूचना
कंपनी की अनूपगढ़ शाखा को नए स्थान पर स्थानांतरित करने की सूचना
यह सूचित किया जाता है कि कंपनी की अनूपगढ़ शाखा इस सूचना की तारीख से तीन महीने बाद पहली मंजिल, प्लॉट नं. 96, 97,102, ब्लॉक नं. आरसी-2, तहसील परिसर के सामने, अनूपगढ़, राजस्थान - 335701 से पहली मंजिल, प्लॉट नं. 67, वार्ड नं. 25, अनूपगढ़, राजस्थान - 335701 स्थान पर स्थानांतरित कर दी जाएगी।
आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड के लिए
एसडी/-
शरद पाठक
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी
दिनांकः 09 अगस्त 2024
स्थानः अनूपगढ़

सत्यमेव जयते
संख्या 47/2/2023-प्रशासन-1
भारत सरकार
नीवन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
अटल अक्षय ऊर्जा भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स के सामने, लोधी रोड, नई दिल्ली-110 003
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध आधार पर वैज्ञानिक 'एफ' (03 पद) और वैज्ञानिक 'जी' (03 पद) के पद को भरने हेतु वैज्ञानिक 'एफ' के लिए स्तर 13ए (131100-216600/- रुपये) और वैज्ञानिक 'जी' के लिए स्तर 14 (144200-218200/- रुपये) में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। रिक्तियों से संबंधित संपूर्ण जानकारी नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की वेबसाईट "www.mnre.gov.in" पर ऊपलब्ध हैं।
निम्नलिखित पते पर निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन हैं।
(अरुनव सेनगुप्ता)
अवर सचिव, भारत सरकार
CBC 28101/11/0002/2425

## संस्कृति व प्रकृति को बचाने में दिए आदिवासियों के महानायक बिरसा मुंडा के योगदान को सराहा


बीकानेर में विश्व आदिवासी दिवस पर मीणा महासभा ने स्व. बृजलाल मीणा उद्यान में पौधारोपण किया।

- उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवाओं व कर्मचारियों का सम्मान किया

**बीकानेर,** (कासं)। अखिल आदिवासी मीणा महासभा, राजस्थान की जिला शाखा बीकानेर द्वारा विश्व आदिवासी दिवस स्व. बृजलाल मीणा उद्यान, व्यास कॉलोनी में सामाजिक संगोष्ठी व पौधारोपण करके धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर के सहायक आयुक्त आईआरएस भूपेंद्र छीपा ने कहा कि आदिवासी पर्यावरण संरक्षण, ईमानदारी के गुण समाज मे सदभाव और बंधुत्व का संदेश देते है। पीबीएम अस्पताल के फिजिशियन डॉ. मनोज कुमार मीणा, एसबीआई बैंक पब्लिक पार्क के मुख्य प्रबंधक महेन्द्र मीना, क्षेत्रीय वन अधिकारी महावीर रूहील ने कहा कि संस्कृति के संरक्षण से चरित्रवान समाज बनेगा जिससे अनुशासन युक्त राष्ट्रवादी समाज का निर्माण होगा। महासभा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने सभी आदिवासियों से राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का आव्हान किया।

साथ ही कहा कि समाज के युवाओं को शिक्षा और संस्कार अपनाने पर जोर देना चाहिए। कार्यक्रम में ठु की तस्वीर पर माल्यार्पण करके उनके द्वारा संस्कृति व प्रकृति को बचाने में दिए योगदान व बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम में आदिवासियों से संबंधित मुद्दों पर मंथन किया गया। महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मीना ने महासभा के लेखा जोखा प्रस्तुत किया। शिक्षाविद एवं साहित्यकार डॉ. कांता मीना ने कहा कि केन्द्र सरकार को जाति आधारित जनगणना अतिशीघ्र करनी चाहिए जिससे आदिवासी समुदाय को जनसंख्या के हिसाब उचित प्रतिनिधित्व मिल सके। इस दौरान संगोष्ठी सहित पौधरोपण संरक्षण हेतु 31 पौधे लगाएं व उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवाओं व कर्मचारियों का सम्मान किया गया।

विश्व आदिवासी दिवस समारोह में शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ.कांता मीना, महासभा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद, केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर के सहायक आयुक्त भूपेंद्र छीपा, पीबीएम अस्पताल के डॉ.मनोज कुमार मीना, एसबीआई प्रबंधक महेंद्र मीना, जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मीना, जिला वरिष्ट उपाध्यक्ष भीमसिंह मीना, जिला सभाध्यक्ष हरिओम मीना, जिला कोषाध्यक्ष अनिल कुमार मीना, जिला उपाध्यक्ष मनीष कुमार मीना, राज्य अभिलेखागार के सहायक निदेशक डॉ.हरिमोहन मीना, जिला प्रवक्ता मुकेश कुमार मीना, जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार मीना, अजजा जजा महासंघ के जिलाध्यक्ष श्याम सुन्दर बिश्नोई, हजारीलाल मीणा, डॉ.सुनील मीना, जितेंद्र कुमार मीना, शिवकेश, निभन्य मीना, पिंटू मीना, दीपक जैन, श्रीफुल, विनोद, धर्मेंद्र, राजेश कुमार मीना, पवन शर्मा, पवन कुमार, सीताराम डूडी, संजीव यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

दिल्ली विश्वविद्यालय
UNIVERSITY OF DELHI
विज्ञापन नं. आर एण्ड पी/303/2024 दिनांक-27.06.2024
प्रिन्सिपल, यूनिवर्सिटी कॉलेज आफ मेडिकल साइन्सिस (यू सी एम एस) के पद के लिये योग्य प्रत्याशियों से निर्धारित आवेदन प्रपत्र में आन लाइन आवेदन आमंत्रित हैं। इस पद पर VII सीपीसी पे-मैट्रिक्स के अनुसार पे-लेवल 14 के स्केल देय है। आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथी इस विज्ञापन के एम्पलायमेंट न्यूज में प्रकाशन की तिथि से दो सप्ताह के अन्दर है। विवरण के लिये, कृपया यूनिवर्सिटी वेबसाइट www.du.ac.in पर जाये तथा शीर्षक "Work with DU" के अन्तर्गत "Jobs and Opportunities" पर क्लिक करें। कोई भी परिशिष्ट/संशोधन केवल यूनिवर्सिटी वेबसाइट पर पोस्ट किया जायेगा।
रजिस्ट्रार
महत्वपूर्ण सूचना-
योग्यता के संबंध में विवरण, इस विज्ञापन के साथ यूनिवर्सिटी वेबसाइट www.du.ac.in पर उपलब्ध है। आवेदक कृपया ''फार्म भरने से पहले इन विवरणों को पढे।
CBC 21231/12/0005/2425

# हर घर, प्रतिष्ठान और राजकीय कार्यालयों में तिरंगा फहराया जाए : कलेक्टर

- **हर घर तिरंगा अभियान की बैठक में कलेक्टर ने दिये अधिकारियों को निर्देश**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में शुक्रवार को जिला कलेक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में हर घर, प्रतिष्ठान और राजकीय कार्यालयों में तिरंगा फहराया जाए। स्वतंत्रता दिवस को उत्सव की तरह आयोजित किया जाए।

उन्होंने कहा कि 13 से 15 अगस्त के दौरान हर घर तिरंगा कार्यक्रम की विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। समस्त विभाग निर्धारित कार्य योजना के अनुसार आमजन की सहभागिता से समस्त गतिविधियां करते हुए उत्सव का माहौल बनाएं ताकि आमजन में गर्व की भावना का संचार हो। अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त के दौरान हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिये जिले में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़ एवं मैराथन, तिरंगा कॉन्सर्ट्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्लेज, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा ट्रिब्यूट एवं तिरंगा मेले आयोजित किए जाएं।



गगांनगर कलेक्टर लोकबंधु ने हर घर तिरंगा अभियान की बैठक में अधिकारियों को संबोधित किया।

उन्होंने अधिकारियों को अभियान की तैयारियों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि अभियान के तहत जिले से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप हर घर, हर सरकारी दफ्तर, हर गली, हर नुक्कड़ तक तिरंगा अपनी शान में लहराए। इसके लिए संबंधित अधिकारी झंडों की पर्याप्त व्यवस्थागत सुनिश्चित करें। बैठक में उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा सोशल मीडिया पर तिरंगा सेल्फी के लिए भी आमजन और युवाओं को जागरूक किया जाए। उन्होंने अभियान से ज्यादा से ज्यादा आमजन को जोड़ने के लिए वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश देते हुए कहा कि फोटो और वीडियो हर घर तिरंगा वेबसाइट पर फोटो अपलोड की जाए।

उक्त गतिविधियों के अतिरिक्त समस्त अधिकारियों-कार्मिकों को अपने घरों में तिरंगा फहराने और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर हैशटैग हर घर तिरंगा और हैशटैग एचजीटी 2024 का उपयोग कर फोटो शेयर करने तथा हर घर तिरंगा वेबसाइट पर फोटो अपलोड करने के निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि इस दौरान तिरंगा प्रतिज्ञा भी ली जाए। जिला स्तरीय अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों की बैठक लेकर ब्लॉक और ग्राम स्तर तक आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला कलेक्टर ने मुख्यमंत्री वृक्षारोपण अभियान प्रगति की समीक्षा करते हुए पौधारोपण लक्ष्य इसी माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

अभियान की कार्ययोजना के अनुसार 9 अगस्त को नरेगा व सफाई कर्मचारियों को तिरंगा शपथ के बाद 10 अगस्त को विद्यालयों में तिरंगा कैनवास, रैली, तिरंगा सेल्फी के कार्यक्रम किये जायेंगे। 11 अगस्त को साईकिल, ट्रेक्टर, कार, बाइक रैली, 12 अगस्त को तिरंगा सेल्फी स्पॉट, तिरंगा कैनवास सिग्नेचर अभियान तथा नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया जायेगा। 13 अगस्त को शिला फलकम कार्यक्रम नगर परिषद एवं नगर पालिका व प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होगा।

## फर्जीवाड़ा के दोषियों को दो साल की सजा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। इलाके में करीब तीस साल पहले पंजाब शिक्षा बोर्ड की फर्जी मार्कशीट बनाने और इन मार्कशीट के आधार पर कॉलेज में एडमिशन लेने के मामले में अदालत ने 25 में से 22 आरोपियों को दोषी मानते हुए दो-दो साल कारावास व दो-दो हजार रुपए जुर्माने की सजा से दंडित किया है।

यह निर्णय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सरिता चौधरी ने सुनाया। इस मामले के तथ्यों के अनुसार परिवादी सुभाष चन्द्र ने एक लिखित रिपोर्ट 30 सितम्बर 1996 को थानाधिकारी पुलिस थाना सदर के समक्ष पेश की थी। इसमें बताया कि वह पुरानी आबादी में परचून की दुकान करता है। करीब साल भर यानि अगस्त 1995 के लगभग की बात है। वह अपनी आंख दिखाने सूरतगढ रोड़ स्थित सरकारी अस्पताल में आया हुआ था तो दिन के करीब 10 बजे यहां उसे हरबंस सिंह, कश्मीर सिंह व दारा सिंह रायसिख तीनों उसके साथ उसके दोस्त राजेन्द्र एवं महेन्द्रपाल भी आए हुए थे।

इन तीनों ने उससे कहा कि परचून की दुकान में माथा मत मार दसवीं बोर्ड परीक्षा पास करवा देंगे। बिना बोर्ड से मार्कशीट लेकर सरकारी नौकरी कर ले लेना या जेसीटी मिल में लग जाना। इस संबंध में आरोपी हरबंश ने दस हजार रुपए खर्च होने की बात कही। एडवांस में पहले पांच हजार रूपए और फिर प्रमाण पत्र मिलने पर शेष पांच हजार रूपए देने होंगे।

## सार-समाचार

### बजट परिवर्तनों के बारे में बताया



**डिकोडिंग ऑफ यूनियन बजट पर सेमिनार में सीए सतीश कुमार गुप्ता को स्मृति चिन्ह प्रदान करते सीए जसवंत बैद।**

**बीकानेर,** (कासं)। दि इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की बीकानेर ब्रांच के अध्यक्ष सीए जसवंत सिंह बैद ने बताया कि आज शिव वैली स्थित आईसीएआई भवन में डिकोडिंग ऑफ यूनियन बजट 2024 पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती को दीप प्रज्वलित करके की गई। इस सेमिनार के मुख्य वक्ता जयपुर के सीए सतीश कुमार गुप्ता थे। विशेष अतिथि के रूप में भूतपूर्व अध्यक्ष मनोज कुमार पारीक और सत्र के अध्यक्षता भूतपूर्व अध्यक्ष राकेश जाखड़ ने की। मुख्य वक्ता ने हाल ही में हुए बजट परिवर्तनों के बारे में सीए सदस्यों को बहुत ही बारीकी से समझाया और कहा हमें किन-किन बातों का ध्यान भी रखना चाहिए। आज मई 2024 में नए सीए बने विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया। आज के कार्यक्रम में ब्रांच उपाध्यक्ष सीए हेतराम पूनिया, सचिव सीए अभय शर्मा, ब्रांच कोषाध्यक्ष अध्यक्ष सीए मुकेश शर्मा, ब्रांच सीकासा अध्यक्ष राहुल पचीसीया, ब्रांच कार्यकारिणी सदस्य सीए अंकुश चौपड़ा, सीए राजेंद्र लुनिया, सीए सुधीर भाटिया, सीए राजेश अग्रवाल, सीए शिव खत्री, सीए कृष्णदत्त सेवग, सीए नंदकिशोर गोयल, सीए मनमोहन मोदी, सीए प्रकाश दफ्तरी, सीए रूपेंद्र सिंह चौहान, सीए विशाखा शर्मा, सीए प्राची रस्तोगी, सीए अंकिता सोनी, सीए मोहम्मद असलम, सीए अभिषेक जैन व अन्य सीए सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को पताका शॉल साफा व प्रतीक चिन्ह देकर उनका सम्मान किया।

### आज पेट के कीडों की दवा खिलायेंगे

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले में 10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, सरकारी एवं निजी विद्यालयों, मदरसों और तकनीकी संस्थानों में पढ? वाले 1 से 19 वर्ष के बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाई जायेगी। हनुमानगढ़ जंक्शन में कैनाल कॉलोनी स्थित महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रातः 9 बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें जिला कलेक्टर कानाराम बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवा खिलाकर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत करेंगे। इस संबंध में सीएमएचओ कार्यालय (स्वास्थ्य भवन) में एक वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) का आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला अधिकारिता विभाग, शिक्षा विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, प्राइवेट स्कूलों के प्रतिनिधिगण व अन्य सहयोगी विभागों ने कार्यक्रम में सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए समस्त कार्मिकों को दिशा-निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंसिंग में स्वास्थ्य कर्मियों को कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने कहा कि जिले में 10 अगस्त शनिवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया जायेगा। जिला कलेक्टर कानाराम द्वारा कैनाल कॉलोनी स्थित महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रातः 9 बजे बच्चों को एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाई जायेगी। उन्होंने कहा कि जिला कलक्टर कानाराम के निर्देशन में समस्त विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर बच्चों को कृमि मुक्त करने के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करना है। उन्होंने बताया कि बच्चों व किशोर-किशारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनके जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए उन्हें कृमि मुक्त करना आवश्यक होता है। कृमि संक्रमण से बच्चों में शारीरिक विकास, हीमोग्लोबिन स्तर, पोषण और बौद्धिक विकास पर बेहद बुरे प्रभाव पड़ सकते हैं। निश्चित समय पर डिवर्मिंग से पेट के कृमि संक्रमण को रोका जा सकता है।

### बीकानेर रेल मंडल की आय में वृद्धि

**बीकानेर,** (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर मंडल की आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल 2024 से जुलाई 2024 तक मंडल की कुल आय लगभग 476.49 करोड़ रूपए हुई जो गत वर्ष 2023-24 में इसी अवधि के दौरान अर्थात अप्रैल 2023 से जुलाई 2023 तक हुई आय लगभग 445.38 करोड़ रूपए से 6.99 प्रतिशत अधिक है। इस आय में यात्री आय, माल लदान, टिकट चैकिंग, एसएलआर लीजिंग, खानपान, वेंडिंग, वाणिज्यिक प्रचार इत्यादि से हुई आय सम्मिलित है। मंडल की आय का मुख्य स्रोत आरक्षित तथा अनारक्षित टिकटों की बिक्री तथा माल लदान से हुई आय रहा। मंडल को इस वर्ष इन चार महीनों की अवधि में आरक्षित तथा अनारक्षित टिकटों की बिक्री से 200.20 करोड़ रूपए की आय हुई जो पिछले वर्ष इस अवधि के दौरान हुई आय 197.94 करोड़ रूपए से 01.14 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान यात्रियों की संख्या में भी पिछले वर्ष की चार माह की अवधि से 8.53 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जहां वर्ष 2023 की चार माह में यात्रीभार 153.06 लाख था। वहीं इस वर्ष 2024-25 में इस अवधि के दौरान यात्रीभार 166.11 लाख रहा। माल लदान से 2024-25 में इस अवधि में 172.05 करोड़ रूपयों की आय हुई है। इसके अतरिक्त इन चार माह की अवधि में टिकट चैकिंग से भी 392.63 लाख रूपए की आय हुई जो गत वर्ष अप्रैल 2023 से जुलाई 2023 तक की अवधि में प्राप्त आय 388.35 लाख रूपए से 01.10 प्रतिशत अधिक है। माह जुलाई 2024 को हुई आय के अन्य उल्लेखनीय स्रोतों में एसएलआर लीजिंग से 111.27 लाख रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ।ो गत वर्ष जुलाई 2023 को प्राप्त राजस्व 95.42 लाख रुपए से 16.61 प्रतिशत अधिक है।

## प्रेमी ने साथ रहने से इनकार किया तो खुद को आग लगाई

- **महिला ने थाना के बाहर पैट्रोल छिड़ककर खुद को आग लगा ली**
- **80 फीसदी झुलसी, महिला की हालत गंभीर, हायर सेंटर रैफर**

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के संगरिया में प्रेम प्रसंग के चलते महिला ने स्थानीय थाने के बाहर पेट्रोल छिडकर खुद को आग लगा ली। इससे वह करीब 80 फीसदी झुलस गई। उसे स्थानीय सरकारी अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल हनुमानगढ़ रेफर कर दिया।

महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह शेखावत ने बताया कि सरोज (35) पुत्री बचनसिंह रायसिख निवासी मलडखेडा हाल गांव रतनपुरा पांच दिन पहले परिवाद दिया था। इसमें घमण्डिया तहसील सूरतगढ़ निवासी संजय ज्याणी (26) पुत्र हरिराम के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहने की बात कही। वर्तमान में संजय ज्याणी अपने ननिहाल गांव ढाबां में रहता है।

आरोप है कि पहले से शादीशुदा संजय के परिजनों को इस रिश्ते पर आपत्ति थी। वे नहीं चाहते कि संजय अपने साथ सरोज को रखें। इसके चलते संजय ने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। सरोज ने पुलिस को सौंपे परिवाद में संजय की गुमशुदगी दर्ज कर उसे ढूंढने की मांग की।

पुलिस ने संजय, सरोज तथा उनके परिजनों को थाने बुलाया था। सरोज अपने मामा के साथ थाने आई थी। वह करीब दोपहर सवा बारह बजे थाने से बाहर निकली तथा अपनी स्कूटी की डिक्की खोलकर उसमें रखी दो लीटर पेट्रोल भरी बोतल निकाल उसे अपने शरीर पर डाल लिया। देखते ही देखते माचिस की तीली से खुद को आग लगा ली। आग लगते ही सरोज चीखने चिल्लाने लगी।

थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मी, फरियादी वगैरह थाने से बाहर आए। कंबल व दरियां डालकर आग बुझाई। गंभीर रूप से झुलसी सरोज को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। डॉ. अरविंद शर्मा की टीम ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। सरोज की चीख-पुकार सुनकर भारी भीड़ जमा हो गई। गंभीर हालत में उसे करीब दो बजे हनुमानगढ़ रेफर कर दिया। इस दौरान सरोज के मामा- मामी, बेटी अनुरीत, भाई सोनू आदि मौजूद रहे।

डीएसपी कर्ण सिंह ने महिला का वीडियो के जरिए पर्चा बयान दर्ज किया। इसमें सरोज ने बताया कि वह संजय से प्यार करती है। उसके साथ ही रहना चाहती है। उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं चाहती। चाहे उसने शादी का झांसा देकर अब साथ रहने से मना कर दिया। सरोज व संजय काफी समय से लिव इन रिलेशनशिप में रह रही है।

थाना परिसर में बातचीत दौरान संजय ने उसके साथ रहने से इंकार कर दिया। प्यार में धोखा मिलने से क्षुब्ध होकर उसने यह कदम उठाया। पति की मौत हो चुकी है। सरोज के भाई ने बताया कि शादी पीरकामडिया निवासी देवेंद्रसिंह रायसिख से हुई थी।

## बीएसएनएल कार्यालय परिसर में पौधारोपण

**बीकानेर,** (कासं)। शुक्रवार को एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पब्लिक पार्क स्थित बीएसएनएल महाप्रबंधक बीकानेर व्यवसाय कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण महाप्रबंधक बीकानेर व्यवसाय ओ.पी. खत्री के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक बीकानेर व्यवसाय ओ. पी. खत्री ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि हमारे जीवन में वृक्ष का बहुत अधिक महत्व है। इसीलिए हम सभी को चाहिए कि इस अभियान के तहत अधिक से अधिक वृक्ष लगावें।

खत्री ने देश में चलाये जा रहे इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इसके परिणाम भविष्य में बेहतर होंगे, सरकार इस अभियान को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। खत्री ने बताया कि सरकार द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया गया है।

इस अभियान के तहत आगामी 5 वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाये जायेंगे। लगाये गये पौधों को पेड़ बनाने के लिए पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल भी सुनिश्चित की जायेगी।

## कार की टक्कर से निजी स्कूल टीचर की मौत

- **अबोहर क्षेत्र के गांव बोदीवाला पीथा का मूल निवासी यहां नोजगे पब्लिक स्कूल में शिक्षक था**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। इलाके में ओवर स्पीड कार की टक्कर से बाइक सवार स्कूल टीचर की मौत हो गई।

यह हादसा हनुमानगढ़-सूरतगढ़ बाइपास मार्ग पर अंबिका सिटी सैकिंड गेट के पास हुआ। कार की स्पीड इतनी अधिक तेज थी कि बाइक सवार इस युवक को कई फीट घसीटते हुए ले गई। उसका चेहरा बुरी तरह कुचला गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। राहगीरों की सूचना पर सदर पुलिस ने घटना स्थल से शव को राजकीय जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में पहुंचाया। सदर पुलिस ने इस मृतक की पहचान 25 वर्षीय मनीष भांभू पुत्र सनोज कुमार के रूप में की।

यह अबोहर क्षेत्र गांव बोदीवाला पीथा का मूल निवासी है। वह यहां नोजगे पब्लिक स्कूल में शिक्षक था। स्कूल के पास ही एक मकान में रहता है। मनीष शाम करीब पौने छह बजे घर से बुलेट मोटरसाइकिल पर निकलकर कोई काम निपटाने जा रहा था। वह नोजगे स्कूल की ओर से बाइपास की तरफ आने वाली रोड पर जा रहा थ

वह जैसे ही स्कूल वाली गली से मैन रोड पर आया तो एक तेज गति से कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने के बाद सदर पुलिस ने इस कार के बारे में तलाश करने के लिए नाकाबंदी भी कराई। स्कूल स्टाफ का कहना है कि एक स्टूडेंट्स से वह बाइक मांग कर अपना जरूरी काम करने के लिए घर से निकला था।

कुछ देर बाद यह हादसा हो गया। जिस स्टूडेंट की यह बाइक थी, उसने यह बताया भी था कि यह बाइक काफी भारी है। कंट्रोल जल्दी से नहीं होगी, लेकिन शिक्षक भांभू पांच मिनट में यह काम निपटाकर वापस आने की बात कही। इधर इस घटना को लेकर स्कूल स्टाफ स्तब्ध है। स्कूल में भी शोक की लहर है।

## हनीट्रेप में फंसाकर 12 लाख रूपए ठगे

**बीकानेर,** (कासं)। हनी ट्रेप में फंसाकर एक कर्मचारी से 12 लाख रूपए की ठगी का मामला पुलिस के पास पहुंचा है।

पुलिस ने एक महिला समेत दो जनों के खिलाफ जय नारायण व्यास कॉलोनी थाने में मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार वल्लभ गार्डन निवासी रेलवे कर्मचारी संजय गुप्ता ने रिपोर्ट में बताया कि उसके मोबाइल पर पूजा नाम की महिला ने कई बार कॉल किए। महिला ने दोस्ती करने के लिए कहा लेकिन संजय ने शादीशुदा होने का कहकर फोन काट दिया। इसके बाद महिला ने कई बार कॉल किए। बाद में लालगढ़ रेलवे वर्कशॉप निवासी देवेन्द्र व जयनारायण व्यास कॉलोनी निवासी पूजा ने उसे पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवा कर फंसाने की धमकी दी। आरोपियों ने जुलाई महीने में दो बार में 12 लाख रुपए ले लिए। इसके बाद पुलिस थाने के अधिकारी को एक लाख रूपए देने के लिए और मांग की। परेशान होकर संजय ने अब पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है।

वहीं जय नारायण व्यास कॉलोनी थाना इलाके में तेज रफ्तार कार ने एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी। इससे बुजुर्ग के गंभीर चोटें लगी और मौके पर ही दम तोड़ दिया।

## पुष्करणा दिवस 17 को

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान पुष्टिकर यूथ विंग की ओर से आगामी 17 अगस्त मां उष्ट्रवाहिनी मंदिर में समाज की ओर से सामूहिक पूजन किया जायेगा।

यह जानकारी देते हुए राजस्थान पुष्टिकर यूथ विंग के राष्ट्रीय महामंत्री सुभाष जोशी ने बताया कि पुष्करणा दिवस के अवसर पर मां उष्ट्रवाहिनी का मंदिर का विशेष श्रंगार कर भव्य पूजन कर महाभारती की किया जायेगी। इस अवसर पर नगर के पुष्करणा समाज समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित होंगे। आज पुष्टिकर यूथ विंग की बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गिरिराज बिस्सा भी मौजूद थे।

## चोरी के मामले में युवती प्रेमी के संग गिरफ्तार

- **हनुमानगढ़ रोड पर अंध विद्यालय के सामने न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में एक घर से सोने-चांदी के जेवर व नगदी चुराने का मामला**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। करीब दो महीने पहले हनुमानगढ़ रोड पर अंध विद्यालय के सामने न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में एक घर से सोने-चांदी, नगदी और शेयर मार्केट के निवेश करने वाली रकम चुराने के मामले में सदर पुलिस ने आरोपी एक युवती को उसके प्रेमी के साथ गिरफ्तार किया है।

इस मामले की जांच कर रहे एसआई गिरधारी सिंह ने बताया कि आरोपी रामदेव कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय कनिका गर्ग पुत्री नरेन्द्र कुमार और उसके प्रेमी पीलीबंगा निवासी कुशाल धामू पुत्र हनुमान सुथार को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही से सोने के कुछ जेवर बरामद किए गए हैं। अन्य जेवर, नगदी और लैपटॉप आदि की बरामदगी करने के लिए आरोपियों को अदालत में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है।

हनुमानगढ़ जिले के रावतसर के वार्ड 19 और वर्तमान में न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी किरणदीप कौर पत्नी हरदीप सिंह बाजीगर ने आठ जून को सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया गया कि वह अंध विद्यालय में विशेष व्याख्याता के पद पर कार्यरत है। उसके पति विशेष अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। उसके चार साल की बेटी जपजोत है।

## पी.बी.एम. अस्पताल में मोतियाबिंद व नेत्र रोगियों के लिए छह सौ काले चश्में भेंट

- **पर्यावरण सेवा समिति द्वारा नेत्र चिकित्सालय में काले चश्मे निशुल्क भेंट करने की जिम्मेदारी उठाई जा रही है**

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय महारानी उच्च माध्यमिक विद्यालय की पूर्व व्याख्याता निर्मला आचार्य की तेरहवीं पुण्यतिथि पर परिजनों द्वारा वीर सावरकर पर्योवरण सेवा समिति की प्रेरणा से पीबीएम नेत्र चिकित्सालय में विभागाध्यक्ष डॉ. जयश्री मुरली मनोहर को मोतियाबिंद और अन्य नेत्र रोगियों के लिए अति उपयोगी छह सौ काले चश्मे सप्रेम भेंट किए गए।



**फोटो -त्तीन-एफ-विधायक सिद्धिकुमारी ने पीबीएम अस्पताल में काले चश्मे भेंट किए**

पीबीएम नेत्र चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में बीकानेर पूर्व की विधायक सिद्धि कुमारी एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य उपस्थित रहे। विधायक सिद्धि कुमारी ने इस पुनीत कार्य के लिए परिजनों एवं समिति का आभार प्रकट किया। नर सेवा को नारायण सेवा के समान बताते हुए कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को सदैव प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।

समिति के सदस्य मनीष आचार्य ने बताया कि वीर सावरकर पर्यावरण सेवा समिति द्वारा नेत्र चिकित्सालय में भारी आवश्यकता को देखते हुए वर्ष पर्यन्त काले चश्मे निशुल्क भेंट करने की जिम्मेदारी उठाई जा रही है। भामाशाहों एवं अन्य संस्थाओं के सहयोग से अब तक कुल 8300 चश्में भेंट किए जा चुके हैं। समिति के वरिष्ठ सदस्य और पूर्व पार्षद उम्मेद सिंह राजपुरोहित ने बताया कि संस्था के माध्यम से सामाजिक सरोकार निभाते हुए यह सेवा कार्य किया जा रहा है और आगे भी लगातार कुल एक वर्ष तक चिकित्सालय में जरूरत के अनुसार इन चश्मों की आपूर्ति करवाई जाती रहेगी। नेत्र चिकित्सालय विभागाध्यक्ष डॉ. जयश्री मुरली मनोहर और चिकित्सालय स्टाफ ने इस पुनीत कार्य हेतु स्व. निर्मला आचार्य के परिजनों और समिति सदस्यों का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर विधायक सुश्री सिद्धि कुमारी और वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य के साथ शिक्षक नेता रवि आचार्य, जयन्त आचार्य, मनीष आचार्य, दृष्टि आचार्य, उम्मेद सिंह राजपुरोहित मौजूद थे।

## सात माह में सड़क हादसों में 209 लोगों की मौत

- **तेज रफ्तार, हेलमेट न पहनना, ओवरटेक करना जैसे हादसों के कारण सामने आए**

**बीकानेर,** (कासं)। जिले में सड़क हादसों में मौत का सिलसिला लगातार जारी है। हर साल यातायात माह मनाया जाता है। सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाकर जागरूक करने का कार्य किया जाता है लेकिन हादसों में कमी नहीं आ रही है।

सड़क पर बेखौफ होकर अनियंत्रित वाहन चलाने का नतीजा है कि बीते सात माह में सड़क हादसों से में 209 लोगों की मौत हो चुकी हैं। जबकि 355 लोगों की हड्डियां टूट चुकी हैं। यह तो जिले में होने वाले हादसों का आंकड़ा है। पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में दूसरे जिलों से भी हादसों के शिकार लोग पहुंचते हैं। ट्रोमा सेंटर में सात माह में सड़क हादसों में घायल होकर पहुंचे लोगों में से 209 की मौत हुई जबकि 4280 घायल हुए हैं।

जिले में करीब 510 से अधिक निजी अस्पताल और क्लीनिक हैं। 53 बड़े अस्पतालों में अलग से हड्डी रोग विभाग है। यहां अगर एक दिन में तीन घायलों का औसत भी लिया जाए तो यह 159 होता है। इस लिहाज से 30 दिनों में यह आंकड़ा 4770 को पार करता है। यह एक अंदाजा भर है, इसका कोई रिकॉर्ड नहीं है।

इस वर्ष जनवरी से अब तक जिले में 358 सड़क हादसे हुए। इन हादसों में 209 की मौत हुई जबकि 355 जने घायल हुए हैं। वहीं पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में सड़क हादसे के शिकार होकर पहुंचे 209 लोगों की मौत हुई। 4280 लोग घायल हुए, जिनमें 2119 पुरुष, 1567 महिलाएं शामिल हैं। इसके अलावा 367 लड़के और 227 लड़कियां घायल होकर पहुंची। ट्रोमा सेंटर से मिली जानकारी के मुताबिक सड़क हादसों में सर्वाधिक घायल दोपहिया चालक या सवार हो रहे हैं। तेज रफ्तार, हेलमेट न पहनना, ओवरटेक करना, आगे निकलने की होड़ जैसे बड़े कारण सामने आए हैं। घायलों में 20 से 35 साल तक के लोगों का प्रतिशत सबसे ज्यादा है। ट्रोमा सेंटर के आंकड़ों के मुताबिक पिछले सात महीनों में बाइक सवार 650 लोग घायल हुए। चौपहिया वाहन में सवार 448 लोग घायल हुए।

जिले में पुलिस महज चालान बनाने तक ही सीमित है। सड़क हादसों को रोकने और खामियों को दूर करने पर कोई काम नहीं किया जा रहा है। पुलिस शहर के चौक-चौराहों पर चालान बनाने में लगी है। हाईवे पर वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए कोई उपाय नहीं है।

### जेल का निरीक्षण किया

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिला कलेक्टर कानाराम व एसपी विकास सांगवान ने जिला कारागृह का निरीक्षण किया। इस दौरान बंदियों से बातचीत कर सुविधाओं की जानकारी ली गई। बैरकों में संदिग्ध गतिविधियां ना हो, इसको लेकर जेल अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। हालांकि निरीक्षण के दौरान जेल में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला।

